भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1874**

दिनांक 03.08.2016/12 श्रावण, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

**विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित राज्य**

**1874. श्रीमती रजनी पाटिल :**
**श्री दर्शन सिंह यादव :**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस वर्ष देश के कई राज्य विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित हुए हैं;
(ख) यदि हां, तो इससे हुए जान और माल के नुकसान का ब्यौरा क्या है; और
(ग) राहत और पुनर्वास हेतु कितनी केन्द्रीय सहायता मांगी गई और दी गई?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री किरेन रिजिजू)**

**(क) से (ग) : इस वर्ष, देश के अनेक राज्य भारी वर्षा और बाढ़ सहित प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित हुए हैं। विभिन्न राज्य सरकारों से प्राप्त सूचना के अनुसार, वर्ष 2016 के दौरान भारी बारिश/बाढ़/बादल फटने/भूस्खलन के कारण 478 व्यक्तियों और 5,758 मवेशियों की जानें गई हैं, 60 लाख हेक्टेयर फसली क्षेत्र प्रभावित हुआ है और कथित रुप से 1,07,209 मकान/झोपड़ियां क्षतिग्रस्त हुई हैं।**

**प्राकृतिक आपदाओं द्वारा प्रभावित लोगों के लिए, प्राकृतिक विपदाओं के आलोक में राहत और पुनर्वास उपाय आरंभ करने का मुख्य दायित्व संबंधित राज्य सरकार का है। भारत**

**......2/-**

<u>राज्य सभा अता॰ प्र॰ सं॰ 1874</u>

सरकार, तत्काल बचाव, राहत और मरम्मत के लिए संभार सहायता के द्‌वारा राज्य सरकार की सहायता करती है।

राज्य सरकारों के प्रभावित लोगों की मदद करने के लिए, भारत सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान तत्काल राहत अभियानों के लिए राज्य आपदा कार्रवाई निधि (एन.डी.आर.एफ.) से 3608.25 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय आपदा कार्रवाई निधि (एन.डी.आर.एफ.) से 5955.27 करोड़ रुपए की राशि जारी की है।

*****